जापान के यामानाशी में गुरुवार को हाइड्रोजन फैसिलिटी में अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सूचना विभाग

इन जापानी कंपनियों के साथ हुआ एमओयू

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: कुबोटा कारपोरेशन, स्पार्क मिंडा (सहयोग में टोयो डेन्सो), जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। सुजुकी मोटर कारपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड, मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, रैपिडस कारपोरेशन, मारुबेनी कारपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और एमयूएफजी बैंक ने कृषि मशीनरी, आटो व कंपोनेंट्स, आटो आरएंडडी, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, पावर-टू-गैस, कंप्रेस्ड बायो गैस, ईएसडीएम, लाजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है।

बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट और कौशल सहयोग पर बल : उत्तर प्रदेश और जापान के बीच पर्यटन को नियमित प्रोत्साहन दिए जाने पर भी सहमति बनी। राज्य के वैश्विक महत्व के बौद्ध सर्किट और रामायण सर्किट को जोड़ते हुए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं विरासत पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे न केवल दोनों देशों के निवासियों के बीच संबंध सुदृढ़ होंगे, बल्कि आतिथ्य, अवसंरचना एवं सेवा क्षेत्रों में नए निवेश अवसर भी सृजित होंगे। इसके साथ ही, जापानी उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप भाषा व तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर वैश्विक प्रतिस्पर्धी कार्यबल तैयार किया जाएगा।

'जापान सिटी' और आटो क्लस्टर होगा स्थापित

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए समर्पित औद्योगिक वातावरण तैयार होगा। आटो क्लस्टर और आरएंडडी (अनुसंधान एवं विकास)सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। 'इन्वेस्ट यूपी' में जापान डेस्क को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिसकी मानिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी।